CMYK

Web: www.uttaranchaldeep.com

Email-uttaranchaldeep@gmail.com




सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में गुरुवार
सायं 5:17 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में शुक्रवार
सुबह 7:01 बजे


सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ





हल्द्वानी | वर्ष 16 अंक 162 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | गुरुवार, 19 दिसंबर 2024



बर्थडे पार्टी से मिला ब्रेक, 17 साल...पेज-3 पर


## उत्तराखंड में जनवरी 2025 से लागू होगा यूनिफॉर्म सिविल कोड

देहरादून

हमारे संवाददाता

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि उत्तराखंड में जनवरी 2025 से यूनिफॉर्म सिविल कोड लागू हो जाएगा। कहा कि समान नागरिक संहिता लागू करने के लिए एक पोर्टल और मोबाइल एप भी तैयार किया गया है, जिससे कि पंजीकरण, अपील आदि की समस्त सुविधाएं ऑनलाइन माध्यम से उपलब्ध कराई जा रही हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उत्तराखंड में जनवरी 2025 से समान नागरिक संहिता लागू हो जाएगी। इसके लिए सभी तैयारियां



*जन सामान्य की सुलभता के दृष्टिगत समान नागरिक संहिता लागू करने के लिए एक पोर्टल और मोबाइल एप भी तैयार किया गया है, जिससे कि पंजीकरण, अपील आदि की समस्त सुविधाएं ऑनलाइन माध्यम से उपलब्ध कराई जा रही हैं। - **पुष्कर सिंह धामी, मुख्यमंत्री, उत्तराखंड***

पूरी कर ली गई हैं। बुधवार को सचिवालय में उत्तराखंड निवेश और आधारिक संरचना विकास बोर्ड (यूआईआईडीबी) की बैठक के दौरान सीएम धामी ने कहा कि प्रदेश सरकार अपने संकल्प के अनुसार, समान नागरिक संहिता लागू करने की दिशा में होमवर्क पूरा कर चुकी है।

सीएम धामी ने कहा कि मार्च 2022 में प्रदेश में नई सरकार बनने के बाद मंत्रिमंडल की पहली बैठक में ही प्रदेश में समान नागरिक संहिता लागू करने के लिए एक विशेषज्ञ समिति, गठित करने का निर्णय लिया गया था। इस क्रम में सेवानिवृत्त न्यायाधीश रंजना प्रकाश देसाई की अध्यक्षता में पांच सदस्यीय विशेषज्ञ समिति का गठन किया गया। समिति की रिपोर्ट के आधार पर 07 फरवरी, 2024 को राज्य विधान सभा से समान नागरिक संहिता विधेयक 2024 पारित किया गया। इस विधेयक पर महामहिम राष्ट्रपति की सहमति मिलने के बाद 12 मार्च, 2024 को इसका नोटिफिकेशन जारी किया गया। इसी क्रम में अब समान नागरिक संहिता, उत्तराखण्ड 2024 अधिनियम की नियमावली भी तैयार कर ली है। इस तरह उत्तराखंड अब जनवरी से समान नागरिक संहिता लागू करने के लिए पूरी तरह तैयार है, उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए, संहिता के प्रावधान लागू करने के लिए कार्मिकों का समुचित प्रशिक्षण देने के साथ ही सभी तरह की आधारभूत सुविधाएं जुटा ली जाएं। साथ ही अधिक से अधिक सेवाओं को ऑनलाइन रखते हुए, जनसामान्य की सुविधा का ख्याल रखा जाए।

## News कॉर्नर

### नशे के इंजेक्शन समेत तस्कर गिरफ्तार



**हल्द्वानी।** पुलिस ने हल्द्वानी में एक युवक को नशीले इंजेक्शनों के साथ गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवक के पास से नशे के 9 इंजेक्शन बरामद हुए। आरोपी पर एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, पुलिस टीम द्वारा चोरगलिया रोड से गौला पार्किंग तक नियमित गश्त की जा रही थी, तभी एक युवक काले रंग की जैकेट पहने हुए काली पन्नी के साथ उनकी ओर आता हुआ दिखाई दिया। जैसे ही युवक ने पुलिस को देखा, वह भागने की कोशिश करने लगा। पुलिस ने तुरंत पीछा करके उसे पकड़ लिया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी की पहचान मौ. युनुस पुत्र मौ. युसुफ निवासी नई बस्ती, इन्द्रानगर, थाना वनभूलपुरा, जिला नैनीताल के रूप में हुई। पूछताछ में उसने कई अहम खुलासे भी किए हैं। आरोपी कोर्ट में पेश किया गया।

### स्कूल गई छात्रा घर नहीं लौटी, परिजनों ने पुलिस में दी सूचना

**रुद्रपुर।** थाना पंतनगर क्षेत्र से एक छात्रा के संदिग्ध परिस्थितियों में लापता होने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने परिजनों की सूचना पर गुमशुदगी दर्ज कर जांच शुरू कर दी। पुलिस के मुताबिक थाना क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को बताया कि उसकी पुत्री जीजीआईसी स्कूल में पढ़ती है। 17 दिसंबर को घर से स्कूल जाने के लिए निकली। बताया कि शाम तक घर नहीं लौटी तो उसकी खोजबीन शुरू की। रिश्तेदारी में भी पता कराया। कहीं भी पता नहीं चला। पुलिस ने छात्रा के लापता होने की सूचना पर गुमशुदगी दर्ज कर ली। फिलहाल छात्रा का कोई पता नहीं चला।

भाजपा सांसद प्रताप सारंगी के सिर में चोट देखी गई

## हंगामाः सांसदों में धक्कामुक्की मुकेश राजपूत आईसीयू में भर्ती

नई दिल्ली

एजेंसी

### कांग्रेस ने संसद भवन परिसर में मार्च निकाला



संसद के दोनों सदनों में आज भी हंगामा हो रहा है। बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर के मुद्दे पर कांग्रेस और भाजपा दोनों ने संसद भवन परिसर में प्रदर्शन किया। इस दौरान दोनों दलों के सांसदों के बीच मकर द्वार पर धक्कामुक्की की खबर आई। भाजपा सांसद प्रताप सारंगी के सिर में चोट देखी गई। इस दौराप भाजपा सांसद मुकेश राजपूत भी घायल हो गए। उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। उन्हें आरएमएल अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया है। सारंगी का इलाज भी इसी अस्पताल में चल रहा है। पीएम मोदी ने फोन पर सांसदों का हालचाल जाना है।

घायल सांसद ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी ने एक सांसद को धक्का दिया, जो मेरे ऊपर गिरे। आरोप पर जवाब देते हुए राहुल ने कहा कि हां! ऐसा हुआ। वे हमें प्रवेश द्वार पर रोकने की कोशिश रहे थे। मल्लिकार्जुन खरगे और प्रियंका गांधी के साथ भी धक्कामुक्की हुई। दरअसल, बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर को लेकर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के बयान को लेकर कांग्रेस ने संसद भवन परिसर में मार्च निकाला। जवाब में भाजपा ने कांग्रेस पर झूठ की राजनीति का आरोप लगाते हुए प्रदर्शन किया। इस दौरान संसद भवन के मकर द्वार पर दोनों दलों के सांसद आमने-सामने आ गए। दोनों के बीच धक्का-मुक्की की भी नौबत आई। इस बीच प्रताप सारंगी चोटिल देखे गए। जब उनसे पूछा गया तो उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने एक सांसद को धक्का दिया, जो मेरे ऊपर गिर गए। इसके बाद में नीचे गिर गया। मैं सीढ़ियों के पास खड़ा था, जब राहुल गांधी आए और एक सांसद को धक्का दिया, जो मेरे ऊपर गिर गए। इस बीच केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी, अर्जुन राम मेघवाल, पीयूष गोयल और अन्य भाजपा नेता पार्टी सांसद प्रताप सारंगी को देखने आरएमएल अस्पताल पहुंचे हैं।

राम मनोहर लोहिया अस्पताल की तरफ से दी गई जानकारी में बताया गया कि घायल होकर अस्पताल आए प्रताप सारंगी और मुकेश राजपूत को स्थिर करने की कोशिश कर रहे हैं। साथ ही जरूरत के आधार पर जांच भी की जा रही है। जांच के लिए नर्सिंग होम की टीम बनाई गई है। सिर में चोट लगने के कारण एतिहात के तौर पर आईसीयू में भर्ती कराया गया है।

## पर्वतीय जिलों में दिन में खिल रही चटक धूप का असर अब रात को भी

देहरादून/नैनीताल

हमारे संवाददाता

**मौसम की मार**

- बीते सप्ताह मौसम साफ होने से दिन का न्यूनतम तापमान सामान्य से तीन-चार डिग्री था

प्रदेश में मौसम साफ होने से दिन का न्यूनतम तापमान सामान्य से तीन-चार डिग्री अधिक दर्ज किया जा रहा था। लेकिन बुधवार को रात का न्यूनतम तापमान भी 7.5 डिग्री रहा।

यह अब तक का सबसे अधिक न्यूनतम तापमान है। दिसंबर के पहले सप्ताह में भले ही उत्तराखंड के पर्वतीय जिलों में हुई बर्फबारी से ठंड में इजाफा हुआ था, लेकिन बीते दिनों से दिन में खिल रही चटक धूप का असर अब रात को भी दिखने को मिल रहा है। इससे न्यूनतम और अधिकतम तापमान में वृद्धि हो रही है। बीते सप्ताह भर से प्रदेश में मौसम साफ होने से दिन का न्यूनतम तापमान सामान्य से तीन-चार डिग्री अधिक दर्ज किया जा रहा था। लेकिन बुधवार को रात का न्यूनतम तापमान भी 7.5 डिग्री रहा। यह अब तक का सबसे अधिक न्यूनतम तापमान है। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार बीते दस सालों में दिसंबर में न्यूनतम तापमान साल 2017 में 16 दिसंबर को 5.8 रिकॉर्ड किया गया था। जबकि 18 दिसंबर को 7.5 डिग्री रहा। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि मौसम के बदले पैटर्न के चलते तापमान में यह असर देखने को मिल रहा है। वहीं, केंद्र की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार 22 दिसंबर तक प्रदेश भर में मौसम साफ रहेगा। फिलहाल ठंडी हवाएं बीच-बीच में ठंड का एहसास कराएंगी, लेकिन न्यूनतम तापमान में गिरावट बारिश के बाद ही संभव होगी।


... संबंधित खबर पेज 3 पर




## आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़, पांच दहशतगर्द ढेर, दो जवान हुए घायल

जम्मू

एजेंसी

जम्मू-कश्मीर पुलिस के मुताबिक कुलगाम जिले के कद्देर इलाके में मुठभेड़ शुरू हुई है।

जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले में गुरुवार को सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में पांच आतंकवादी मारे गए। जम्मू-कश्मीर पुलिस के मुताबिक कुलगाम जिले के कद्देर इलाके में मुठभेड़ शुरू हुई है। संदिग्ध आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद सुरक्षाबलों ने बुधवार रात जिले के बेहीबाग इलाके के कद्दर में घेराबंदी और तलाशी अभियान



शुरू किया। घिरता देखकर आतंकवादियों ने सुरक्षाबलों पर गोलीबारी शुरू कर दी, जवाबी कार्रवाई में सुरक्षाबलों ने भी फायरिंग की। अधिकारियों के मुताबिक पांच आतंकवादियों के शव बाग पड़े हैं लेकिन अभी तक बरामद नहीं किये गये हैं।

## आंबेडकर पर शाह के बयान पर सरकार और विपक्ष में ठनी

एजेंसी

संविधान निर्माता बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर पर गृह मंत्री अमित शाह के बयान को लेकर संसद के दोनों सदनों में भारी हंगामा हुआ। कांग्रेस ने शाह से इस्तीफे की मांग की तो भाजपा ने पलटवार करते हुए विपक्ष पर झूठ की राजनीति करने का आरोप लगाया।

संसद भवन परिसर में भाजपा-कांग्रेस सांसदों के बीच धक्कामुक्की हुई। इसे लेकर कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को लिखे पत्र में कहा। उन्होंने कहा कि मुझे भाजपा सांसदों ने धक्का दिया, मैं अपना संतुलन खो बैठा और मकर



द्वार के सामने जमीन पर बैठने के लिए मजबूर हो गया। खरगे ने लोकसभा अध्यक्ष से भाजपा सांसदों द्वारा उन्हें %धक्का% दिए जाने के मामले की जांच का आदेश देने की मांग की। उन्होंने कहा कि यह न केवल उन पर, बल्कि राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस अध्यक्ष पर हमला था। कांग्रेस के सांसद लोकसभा अध्यक्ष के पास विपक्ष के नेता राहुल गांधी के खिलाफ भाजपा सांसदों के अभद्र व्यवहार और उन्हें संसद में प्रवेश करने से रोकने के बारे में शिकायत कर रहे हैं। अध्यक्ष ने चार दिन पहले आदेश दिया था कि किसी को भी सांसदों के प्रवेश को नहीं रोकना चाहिए। इस बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने धक्कामुक्की में घायल दोनों सांसदों का हालचाल जाना। राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर से संबंधित गृह मंत्री अमित शाह की टिप्पणी को लेकर उनके खिलाफ विशेषाधिकार हनन की कार्यवाही शुरू करने के लिए नोटिस दिया। खरगे ने राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ को सौंपे नोटिस में आरोप लगाया कि शाह ने 17 दिसंबर को उच्च सदन में 'संविधान की 75 साल की गौरवशाली यात्रा' पर चर्चा का जवाब देते हुए बाबासाहेब का अपमान किया।

# 21 परिवार पिछले 35 दिनों से अंधेरे में

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**



नगर के लकड़ी कोयला टॉल क्षेत्र में रहने वाले 21 परिवार पिछले 35 दिनों से अंधेरे और परेशानियों में जीने को मजबूर हैं। काबिलेगौर है कि लकड़ी कोयला टॉल क्षेत्र में जिला प्रशासन की ओर से कार पार्किंग का निर्माण कार्य होना है जिसकी वजह से इस क्षेत्र में रहने वाले सभी परिवारों के प्रशासन ने बीते 12 नवंबर (मंगलवार) को बिजली और पानी के कनेक्शन काट दिए थे जिसके बाद से इन लोगों को रोजमर्रा की बुनियादी सुविधाओं के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। सभी परिवारों को पहले घर खाली करने के निर्देश दिए गए थे लेकिन प्रशासन ने उनका घर खाली कराए बिना ही उन्हें बिजली और पानी से वंचित कर दिया है। इससे ये लोग परेशान हो गए हैं और इन लोगों को जीवन यापन में दिक्कतें उत्पन्न हो रही हैं। बिजली और पानी के न होने से लोगों की स्थिति और भी जटिल हो गई है। लोग न केवल दैनिक कार्यों के लिए संघर्ष कर रहे हैं बल्कि उन्हें बाघ के हमले का भी खतरा है। अंधेरे में रहने के कारण जंगली जानवरों का आना और भी आसान हो गया है जिससे परिवारों में डर का माहौल बना हुआ है।

प्रभावित कोयला लकड़ी टॉल के लोगों का कहना है कि उन्हें तीन महीनों के लिए कृष्णापुर भेजने का कोई समाधान नहीं है, उनका कहना है कि कृष्णापुर में पर्याप्त अस्पताल जैसी सुविधाएं नहीं हैं और वे वहां रहने के लिए तैयार नहीं हैं। लोग चाहते हैं कि उन्हें शहर के आसपास ही कोई सुरक्षित स्थान मुहैया कराया जाए जहां वे अपने परिवार के साथ सुरक्षित महसूस कर सकें उन्होंने प्रशासन से आग्रह किया है कि उनकी समस्याओं का जल्द समाधान निकाला जाए ताकि वे अपनी बुनियादी जरूरतों के लिए किसी और जगह जाने को मजबूर न हों।

नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी दीपक गोस्वामी ने बताया कि लकड़ी कोयला टॉल के लोगों का का मामला न्यायालय में चल रहा है, आगामी मार्च-2025 में मामले की सुनवाई है। कहा कि सभी लोगों को कृष्णापुर में पालिका ने अपने कमरा नंबर के अनुसार कमरे स्वीकृत करा दिए हैं लेकिन अभी तक कोई भी व्यक्ति नगर पालिका के कमरों की चाबी लेने नहीं आया है।

# निवर्तमान ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधानों को भी प्रशासक मामले की सुनवाई 6 जनवरी को

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

उत्तराखंड हाईकोर्ट ने जिला पंचायतों में निवर्तमान अध्यक्षों को प्रशासक नियुक्त करने के बाद बुधवार को ग्राम पंचायतों के निवर्तमान ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधानों को भी प्रशासक नियुक्त करने के खिलाफ दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद हाईकोर्ट के कार्यवाहक मुख्य न्यायधीश मनोज कुमार तिवारी व न्यायमूर्ति विवेक भारती शर्मा की खंडपीठ ने मामले की अगली सुनवाई 6 जनवरी 2025 (सोमवार) की तिथि नियत की है, साथ में खंडपीठ ने राज्य सरकार व राज्य चुनाव आयोग को नोटिस जारी कर मामले में जवाब देने के आदेश दिए हैं। अब मामले की अगली सुनवाई 6 जनवरी 2025 (सोमवार) को होगी। मामले के अनुसार पूर्व ग्राम प्रधान विजय तिवारी ने जनहित याचिका दायर कर कहा है कि पहले राज्य सरकार ने जिला पंचायतों में निवर्तमान अध्यक्षों को प्रशासक नियुक्त किया, अब सरकार ने ग्राम पंचायतों का चुनाव कराने के बजाय निवर्तमान ग्राम प्रधानों को भी प्रशासक नियुक्त करके उन्हें वित्तीय अधिकार दे दिए गए हैं। कहा कि ग्राम पंचायतों का कार्यकाल समाप्त हुए काफी समय बीत गया है लेकिन सरकार ने अभी तक चुनाव नहीं कराए। ग्राम प्रधानों को प्रशासक नियुक्त करने पर होने वाले चुनाव को यह प्रभावित कर सकते हैं, इसलिए ग्राम पंचायतों का शीघ्र चुनाव कराया जाय। कहा कि सर्वोच्च न्यायलय के कई निर्णय ऐसे हैं जिनमें कहा गया है कि प्रशासक तभी नियुक्त किया जा सकता है यदि ग्राम सभा को किन्ही कारणों से भंग कर दिया गया हो। भंग करने के बाद भी वहाँ 6 माह के भीतर चुनाव कराना आवश्यक होता है। छः माह से अधिक प्रशासकों का कार्यकाल नहीं हो सकता। उत्तराखंड में तो तो इसका उलटा हो रहा है। निर्वाचित पंचायतों का कार्यकाल समाप्त हो चुका है अब सरकार निवर्तमान ग्राम प्रधानों को प्रशासक नियुक्त कर रही है। इससे ऐसा प्रतीत होता है कि राज्य सरकार अभी चुनाव कराने की स्थिति में नहीं है जबकि अभी बोटर लिस्ट और आरक्षण तय करने सम्बन्धी कई कार्य चुनाव आयोग को करने होंगे, इसलिए ग्राम पंचायतों में प्रशासक नियुक्त न करके ग्राम पंचायतों का चुनाव भी शीघ्र कराया जाए।



# कुमाऊं विवि प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट तथा उसकी चुनौतियों पर करेगा काम

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

कुमाऊं विश्वविद्यालय प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट तथा उसकी चुनौतियों पर काम करेगा। बता दें इस अहम प्रस्ताव को लेकर बुधवार को इनोवेशन एंड इनक्यूबेशन सेल तथा विजिटिंग प्रोफेसर निदेशालय द्वारा इन रिप्लेस आईपीइ ग्लोबल लिमिटेड के साथ विवि के डीएसबी परिसर के वन विज्ञान विभाग में एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में प्लास्टिक की चुनौती पर व्यापक चर्चा हुई । बैठक में यह भी चर्चा हुई कि प्लास्टिक प्रदूषण को रोकने के लिए आम जन की भागीदारी तथा सहयोग आवश्यक है। पारिस्थितिक तंत्र इससे पूर्ण रूप से प्रभावित है। ग्लोबली एथेंस इनफ ऑर्निक्स एपिक्सर ग्लोबल फेडरेशन ऑफ ग्लोबल तथा चिंतन रिसर्च ऐंड एक्शन ग्रुप इसमें पार्टनर है। इस हेतु 21 दिसंबर (शनिवार) की शाम 6.30 बजे एक्सपर्ट सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट सौरव मनुजा का ऑनलाइन व्याख्यान आयोजित किया जाएगा। निर्णय लिया गया कि शीघ्र ही अभियान तथा इंटर्नशिप प्रोग्राम भी चलाए जाएंगे। बैठक में निदेशक इनोवेशन सेल प्रो. आशीष तिवारी, निदेशक विजिटिंग प्रोफेसर प्रो. ललित तिवारी समेत डॉ. श्रुति, डॉ. नंदन सिंह मेहरा,डा. मैत्री नारायण सहित दलबीर सिंह तथा राहुल आदि मौजूद रहे।

## NEWS / फटाफट

### वार्ड नंबर 07 से नसरीन ने की दावेदारी



**नैनीताल।** नगर पालिका सभासद पद के लिए सुखाताल वार्ड नंबर 07 से नसरीन ने अपनी दावेदारी पेश की है। नसरीन पिछले बार निर्दलीय उम्मीदवार थी और दूसरे नंबर पर आई थी। नसरीन जनता की सेवा करने का उद्देश्य से अपनी देवदारी की है ताकि जनता की सेवा कर सके और इस बार के चुनाव में जनता उन पर उम्मीद जताई।

### युवक को बीमार प्रेमिका को अस्पताल में चाय देना पड़ा महंगा

**नैनीताल।** नगर के मल्लीताल क्षेत्र में एक युवक को अपनी बीमार प्रेमिका को राजकीय बी.डी.पांडे जिला अस्पताल में चाय देना महंगा पड़ गया। युवती के पिता की शिकायत पर पुलिस ने युवक के खिलाफ कार्रवाई की है। कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक मल्लीताल निवासी एक युवक बुधवार को अपनी बीमार प्रेमिका को चाय देने राजकीय बी.डी. पांडे जिला अस्पताल पहुंच गया। इस दौरान जिला अस्पताल में युवती के परिजन नहीं थे लेकिन युवक के जिला अस्पताल पहुंचने के बाद युवती के परिजन मौके पर पहुंच गए और उन्होंने हंगामा काट दिया। हंगामे के बाद युवती के पिता की शिकायत पर युवक को कोतवाली ले आई। कोतवाली की एसआई प्रियंका मौर्य ने बताया कि मामले में युवक से पूछताछ की जा रही है।

### गाली गलौच देने पर दो महिलाओं के खिलाफ मुकदमा

**नैनीताल।** नगर के मल्लीताल क्षेत्र में एक महिला के साथ जाति सूचक शब्द के साथ गाली गलौच करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने मामले में दो महिलाओं के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कर दिया है। कोतवाली पुलिस के मुताबिक मल्लीताल अयारपाटा निवासी सुमन ने कोतवाली में शिकायत करते हुए कहा कि वह अनुसूचित जाति के परिवार में जन्मी है, उसका विवाह खीमराज देऊपा के साथ हुआ है। वह अपने पति व बेटी के साथ घर पर थी। इस दौरान रचना सहगल व ज्योतिका नंदा की ओर से जाति सूचक शब्द बोलकर गाली गलौच की गई साथ ही वह उनके पडोस में रहने लायक नहीं है कहकर मकान छोडऩे की बात कही। इसके अलावा जान से मारने की धमकी भी दी गई। उसने दोनों महिलाओं पर बार बार उसकी जाति को लेकर उत्पीडऩ करने का आरोप लगाया है। मामले मे कोतवाली की एसआई प्रियंका मौर्य ने बताया कि महिला की शिकायत वुडवैरी मेंशन आयारपाटा निवासी रचना सहगल व ज्योतिका नंदा के खिलाफ आईपीसी की धारा 504 व 506 व अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (नृशंसता निवारण) अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

### युवक स्कूटी समेत बस से टकराया, घायल

**नैनीताल।** नगर के तल्लीताल के जेल गेट समीप एक युवक स्कूटी समेत बस से टकरा गया,जिसमें युवक घायल हो गया। घायल युवक को राजकीय बी.डी. पांडे जिला अस्पताल में उपचार दिया जा रहा है। जानकारी के अनुसार मल्लीताल निवासी अनुराग (22) अपनी स्कूटी में हनुमानगढ़ी मंदिर से नैनीताल को वापस लौट रहा था, वह जेल गेट पर पहुंचा ही था कि उसकी स्कूटी बस में टकरा गई। इस दौरान युवक अनुराग गम्भीर रूप से घायल हो गया। इस दौरान लहुलुहान युवक को सडक़ पर पड़ा देख राहगिरों ने युवक के मोबाइल से घर वालों को सम्पर्क कर बुलाया जिसके बाद घायल युवक को राजकीय बी.डी. पांडे जिला अस्पताल लाया गया। जिला अस्पताल के पीएमएस डा. टी.के. टम्टा ने बताया कि युवक को न्यूरो सर्जन को दिखाने की सलाह दी गयी है।

### पड़ोसी की बकरियों ने खाए फूल, विवाद

**नैनीताल ।** मल्लीताल क्षेत्र में एक व्यक्ति के घर में लगे फूलों को पड़ोसी की बकरियों ने खाया तो विवाद हो गया। व्यक्ति की ओर से बकरी स्वामी के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की गई है। कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मल्लीताल राजमहल कम्पाउंड निवासी नंदन सिंह बिष्ट ने कोतवाली में शिकायत करते हुए कहा है कि उसकी ओर से बाजार से फूल खरीदकर अपने घर में लगाये गए हैं लेकिन उनके पड़ोस में रहने वाले एक व्यक्ति की ओर से बकरी पालन का कार्य किया जा रहा है जो आए दिन उसके लगाए फूलों को खा जाती है। कई बार कहने के बाद भी पड़ोसी व्यक्ति की ओर से बकरियों को सही से नहीं रखा गया। कोतवाली की एसएसआई दीपक सिंह बिष्ट ने बताया कि शिकायत के आधार पर मामले में जांच की जाएगी।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

–संपादक

पूर्व प्रधान संपादकः
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापकः स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# कसारदेवी के जंगल में भड़की आग आबादी क्षेत्र चपेट में आने से बचा

**अल्मोड़ा**

**हमारे संवाददाता**

कड़ाके की ठंड में भी जंगल आग में धधक रहे हैं। सरियापानी एसडीआरएफ कैंप के पास कसारदेवी जंगल में आग धधक गई। हवा के झोंके से आग तेजी से जंगल में फैलने लगी। देखते ही देखते आग आबादी की तरफ बढ़ने लगी। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची फायर सर्विस ने कड़ी मशकत के बाद ढाई घंटे बाद आग पर काबू पाया। इससे आबादी क्षेत्र चपेट में आने से बच गया।

सरियापानी एसडीआरएफ कैंप के पास कसारदेवी का जंगल आग से सुलगता रहा। मंगलवार की सुबह कसारदेवी के जंगल में आग लग गई। 11.28 बजे फायर सर्विस टीम को सूचना मिली तो टीम मौके पर पहुंची। करीब तीन घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। देर रात फिर जंगल में आग भड़क गई। फायर सर्विस को रात 1.10 बजे सूचना मिलने पर अग्निशमन अधिकारी महेश चंद्र के निर्देशन में फायर सर्विस यूनिट घटनास्थल पर पहुंची। तब तक आग आबादी क्षेत्र की ओर बढ़ रही थी। फायर सर्विस यूनिट ने चार होज पाइप फैलाकर पंपिंग कर तथा एक होज रील फैलाकर आग को बुझाना शुरू किया। आग के दूर होने के कारण आग को फायर बीटर तथा पेड़ की टहनियों की सहायता से पीट-पीट कर कड़ी मशक्कत से ढाई घंटे बाद बुझाया गया। बताया जा रहा है कि कुछ शरारती तत्व बार-बार जंगल में आग लगा रहे हैं। इससे पूर्व सोमवार की शाम करीब 6.27 बजे जंगल को आग में सुलगता देख किसी ने इसकी सूचना फायर टीम को दी। सूचना के बाद मौके पर पहुंची फायर टीम ने काफी प्रयासों के बाद आग पर काबू पाया। फायर सर्विस टीम में लीडिंग फायरमैन किशन सिंह, फायर सर्विस चालक हरि सिंह, योगेश शर्मा, फायरमैन दीपक सिंह, महिला फायरकर्मी कल्पना, इंदु मेहता, बबीता जोशी आदि शामिल रहे।

# राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत समीक्षा बैठक

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**



राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के अंतर्गत मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. हरीश चंद्र पंत की अध्यक्षता में जिले के सभी ब्लाक के प्रभारी चिकित्साधिकारियों, ब्लाक कार्यक्रम प्रबंधक तथा ब्लाक लेखा प्रबंधक की संयुक्त रुप से समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा.पंत द्वारा विकास खंड स्तरीय समस्त कार्यक्रमों की समीक्षा, प्रतिरक्षण विस्तृत प्रस्तुतिकरण, राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यकम, 100 दिवसीय निश्चय शिवर आयोजन की समीक्षा समेत राष्ट्रीय स्वास्थ मिशन के तहत भौतिक एवं वित्तीय समीक्षा तथा सुमन कार्यक्रम के अंतर्गत मातृ स्वास्थ, प्रधानंत्री सुरिक्षत मातृत्व अभियान कार्यक्रम पर विस्तार से चर्चा एव समीक्षा, हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं की लाइन लिस्ट पर समीक्षा, मातृ-मृत्यु एव शशि मृत्यु, आशा प्रोत्साहन, राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, डीईआईसी एवं एडीबी की प्रगति पर विस्तृत चर्चा तथा शहरीय स्वास्थ्य कार्यक्रम के साथ ही एनसीडीए आयुष्मान आरोग्य मंदिर की प्रगति की समीक्षा की गई।

बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा.पंत द्वारा कार्यक्रम के संबंधित नोडल अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह कार्य योजना के अनुसार समय पर दिये गये लक्ष्यों को हासिल करें,कहा कि आपसी सामंजस्य कायम कर सभी कार्यक्रमों को समय पर संपादित करें, तथा विभाग से हर समय संपर्क में रहे। कहा कि कार्ययोजना के अनुसार कार्यक्रमों के लक्ष्यों को हासिल करने पर तेजी लाएं। जिले के सीएमओ दफ्तर के सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में डॉ. तरुण कुमार टम्टा (प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक बी0डी0 पांडे नैनीताल), अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एन0सी0 तिवारी, डॉ स्वेता भंडारी, डॉ कुमोद पंत, डॉ. चन्द्रा पंत, डॉ गणेश धर्मसतु, डॉ अजय शर्मा, डॉ. राजेश ढकरियाल, डॉ आर0के0 जोशी, राष्ट्रीय स्वास्थ मिशन के जिला कार्यक्रम प्रबंधक मदन सिंह मेहरा समेत हेम जलाल, सरयू नंदन जोशी, पंकज तिवारी, बच्चन कालाकोटी, दीवान सिंह बिष्ट, सपना जोशी, हरेन्द्र कठायत, मनोज बाबू, गोपाल सिंह बिष्ट, राघवेंद्र रावत, पंकज जोशी, बसंत गोस्वामी, नंदन कांडपाल, अजय भट्ट तथा पारस साह मौजूद थे। संचालन एनएचएम के जिला कार्यक्रम प्रबंधक मदन सिंह मेहरा ने किया।

# अभिमत



## संसाधन बढ़ायें

***चीन ने संसाधन बढ़ाये। हर हाथ को काम देने का प्रयास किया और चीन निर्मित सामान विश्व के अनेक देशों के बाजारों में बिकने लगा। चीन से आयातित सामान के कारण भारत के उद्योगों पर असर पड़ा। चीन दुनिया की आर्थिक और सैन्य शक्ति बन गया। चीन का उदाहरण इसलिए देना तर्कसंगत है कि उसने अपनी ज्यादा आबादी को बोझ नहीं समझा। भारत को अपने नागरिकों के सिर नहीं गिनने चाहिएं, बल्कि काम करने वाले हाथों की संख्या महत्वपूर्ण है।***

प्रकृति के नियमों का उल्लंघन मनुष्य के लिए सदैव कष्टदायक रहा है। विधाता ने जन्म और मृत्यु का विधान निर्धारित किया है। विश्व में कई देशों ने बढ़ती आबादी पर नियंत्रण और कुछ देशों ने जनसंख्या बढ़ाने के नियम लागू किये। तात्कालिक परिस्थितियों के अनुसार सरकारें सोचती हैं और दीर्घकाल में समस्याएं उत्पन्न होती हैं। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने भारतीयों को तीन बच्चे पैदा करने का सुझाव दिया है। आरएसएस राजनीतिक पार्टी नहीं है, इसलिए मोहन भागवत के बयान को सियासी मुद्दा बनाना अनावश्यक विवाद पैदा करना है। गैर-भाजपा राजनीतिक दलों के नेताओं और कई विद्वानों ने मोहन भागवत से अनेक प्रश्न किये हैं। भारत दुनिया का सबसे अधिक आबादी वाला देश है। विश्व के सर्वाधिक प्रदूषित शहर भारत में हैं। कुपोषित बच्चों की संख्या करोड़ों में है। बेरोजगारी की समस्या निरंतर गंभीर होती जा रही है, खास करके युवा रोजगार के लिए भटक रहे हैं। मात्र सौ पदों की भर्ती के लिए हजारों की भीड़ उमड़ पड़ती है। आबादी बढ़ने से समस्याएं और गंभीर होंगी। यह बात सही है कि आबादी के साथ संसाधन भी बढ़ाये जाने चाहिएं। केन्द्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार ने भारत को दुनिया का पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बना दिया है। संसाधन बढ़े हैं। मोहन भागवत के सुझाव का विरोध करने वालों का तर्क है कि मौजूदा आबादी को ढांचागत सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं। महानगरों से लेकर गांव तक सभी लोगों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध नहीं है। अस्पतालों में मरीजों की लम्बी कतारें देखी जा सकती हैं। जब चीन दुनिया का सबसे अधिक जनसंख्या वाला देश था तो आबादी घटाने का सख्ती से पालन किया। चीन ने संसाधन भी बढ़ाये। हर हाथ को काम देने का प्रयास किया और चीन निर्मित सामान विश्व के अनेक देशों के बाजारों में बिकने लगा। चीन से आयातित सामान के कारण भारत के उद्योगों पर असर पड़ा। चीन दुनिया की आर्थिक और सैन्य शक्ति बन गया। चीन का उदाहरण इसलिए देना तर्कसंगत है कि उसने अपनी ज्यादा आबादी को बोझ नहीं समझा। भारत को अपने नागरिकों के सिर नहीं गिनने चाहिएं, बल्कि काम करने वाले हाथों की संख्या महत्वपूर्ण है। आबादी से दोगुने हाथों को जब काम मिलेगा, तो ज्यादा जनसंख्या वरदान साबित होगी। मोहन भागवत की बात पर सकारात्मक विचार की जरुरत है। संकीर्ण मानसिकता वाले लोग साम्प्रदायिक रंग देकर कानून व्यवस्था बिगाड़ना चाहते हैं। केन्द्र सरकार तीन बच्चे पैदा करने पर जोर न दे। अर्थव्यवस्था में सुधार और रोजगार को प्राथमिकता दे, सारी समस्या और विवाद स्वतः खत्म हो जायेगा।

# क्रिसमस व थर्टी फर्स्ट को लेकर बैठक

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

सरोवर नगरी नैनीताल में क्रिसमस पर्व और थर्टी फर्स्ट तथा नव वर्ष-2025 को लेकर बुधवार को पुलिस लाईन सभागार में जिले के पुलिस कप्तान प्रहलाद नारायण मीणा ने नैनीताल होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन,व्यापार मंडल, टैक्सी यूनियन तथा बाइक टैक्सी यूनियन के प्रतिनिधियों के साथ संयुक्त रूप से अहम बैठक आयोजित की।

बैठक के दौरान सभी यूनियनों के प्रतिनिधियों ने तीनों कार्यक्रमों की कामयाबी के लिए अपने-अपने महत्वपूर्ण सुझाव पुलिस कप्तान के समक्ष प्राथमिकता से रखे। बैठक में नैनीताल होटल एंड रैस्टोरेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष दिग्विजय सिंह बिष्ट ने कहा कि वर्तमान में मल्लीताल पंत पार्क से मंदिर तक रास्ता खराब हो रहा है जहाँ पर जगह जगह पर गड्ढे बने हुए है जिसमें पर्यटकों का गिरने का खतरा बना हुआ है,उसे जल्द ठीक कराया जाना नितांत जरुरी है,वही मल्लीताल व्यापार मंडल के महासचिव त्रिभुवन सिंह फ र्तियाल ने कहा दो पहिया वाहनों को रुसी बाईपास पर रोककर शटल सेवा के माध्यम से नैनीताल भेजा जाएं। मामले में पुलिस



क्षेत्राधिकार प्रमोद कुमार साह ने बताया की शहर की पार्किंग पैक होने के बाद वाहनों को रुसी बाइपास के पास रोका जाएगा,साथ ही भीमताल बाईपास से कैंची धाम के लिए शटल सेवा लगाई जाएगी। नगर पालिका से अलाव सुविधा बढायी जाएगी वही बताया की क्रिसमस डे तथा थर्टी फर्स्ट व न्यू ईयर के दौरान किसी होटल द्वारा सेलिब्रेटी बुलाया जाता है तो उसके लिए पहले ही पुलिस प्रशासन से अनुमति लेनी होंगी। होटल में अस्थाई बार के लिए पहले ही अवगत कराया जाएगा।

बैठक में एसडीएम प्रमोद कुमार ने बताया कि जब 70 प्रतिशत पार्किंग पैक हो जाती है तब वाहनों को रुसी बाईपास पर रोका जाता है। कहा कि यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए अतिरिक्त पुलिस फोर्स लगाई जाएगी।

बैठक में पुलिस कप्तान प्रहलाद नारायण मीणा ने बताया कि क्रिसमस डे,थर्टी फर्स्ट और न्यू ईयर के दौरान पर्यटकों को बेहतर सुविधा दी जाएगी, जिनकी होटल की बुकिंग होंगी उन्हें शहर में आने दिया जाएगा। कहा कि बिना बुकिंग वाले पर्यटकों के वाहन नारायण नगर तथा रु सी बाईपास में पार्क कर उन्हें शटल सेवा से शहर में लाया जाएगा। कहा कि कैंची धाम मंदिर के लिए भीमताल, भवाली मस्जिद तिराहे से शटल सेवा की व्यवस्था की जाएगी। बाहर से जो पर्यटक दो पहिया वाहन में आएंगे उन्हें रुसी बाईपास पर ही रोका जाएगा और शटल के माध्यम से शहर में लाया जाएगा। शहर में अगर कहीं पर भी बाइक पार्क करते हैं तो उस पर पुलिस चालानी कार्रवाई करेंगी। शहर के चप्पे चप्पे पर पुलिस की निगरानी रहेगी जिसमें 400 के करीब पुलिस फोर्स लगाई जाएगी। हुडदंगियों पर पैनी नजर रखी चाहिए। पुलिस द्वारा पर्यटकों को जागरुक भी किया जाएगा।

बैठक में एसपी क्राइम एवं यातायात जगदीश चंद्रा,सीओ प्रमोद कुमार साह,एई रमेश सिंह गर्बयाल,ईओ नगर पालिका विनोद जीना,एई रमेश सिंह गर्बयाल, सहायक अभियंता डीएस बिष्ट तथा एआरटीओ नंदन आर्य, मल्लीताल व्यापार मण्डल के अध्यक्ष किशन सिंह नेगी,तल्लीताल व्यापार मण्डल के अध्यक्ष मारुति नंदन साह, रमनजीत सिंह बिट्टू,जीनू पांडे,हारून खान पम्मी,रुचिर साह, कोतवाल उमेश मलिक, एसओ रमेश बोहरा,एसआई दीपक बिष्ट, सुमित जेठी, नितिन जाटव, संजय सिरोही , सुनीत खन्ना, प्रमोद तिवारी तथा दिनेश कर्नाटक पप्पू तथा ममता जोशी समेत विभिन्न संघठनों के प्रतिनिधि मौजूद थे।

## शोध छात्रा स्नेहलता को 19वें दीक्षांत समारोह में पीएचडी की उपाधि प्रदान

**नैनीताल।** कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर की चित्रकला विभाग की शोध छात्रा स्नेहलता को विवि के 19वें दीक्षांत समारोह में पीएचडी की उपाधि प्रदान की गयी।

बता दें स्नेहलता के शोध का विषय वशौली चित्र शैली विनधास था,उन्होंने अपना शोध कार्य कुविवि के डीएसबी परिसर के चित्रकला विभाग के वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो.एम.एस.मावडी के दिशा निर्देशन में पूरा किया। वह अपनी इस अहम उपलब्धि का श्रेय प्रो.मावडी के साथ ही अपने पिता डाक विभाग से सेवानिवृत कर्मी हरीश आगरी, माता जानकी आगरी,पति व्यवसायी अनिल कंबोज, ससुर जसवंत सिंह कंबोज तथा सास विमला कंबोज समेत अपने शुभचिंतकों को देती है। बता दें वर्तमान में स्नेहलता नैनीताल जिले के ओखलकांडा ब्लाक के जीआईसी पैटना में सहायक अध्यापक एलटी के पद पर अपनी सेवाएं दे रही हैं।

## हल्द्वानी में राजनीतिक सियासत की गर्माहट बढ़ी

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

भारतीय जनता पार्टी की हल्द्वानी की सियासत अब गरमाती जा रही है। नवीन वर्मा के रूप में एक व्यापारी नेता भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो चुके हैं इसके साथ ही राजनीतिक के पुराने खिलाड़ी गजराज बिष्ट के समर्थकों ने उन्हें टिकट देने की मांग को लेकर मामले को गर्मा दिया है।

जिस तरह से समाचार पत्रों में सामने आ रहा है कि गजराज सिंह बिष्ट भी ओबीसी कोटे के तहत पात्रता रखते हैं उससे उनके समर्थकों ने उनके लिए टिकट की मांग पार्टी फोरम में कर दी है ।

सूत्रों के अनुसार यह भी बताया जा रहा है कि नवीन वर्मा की पार्टी में एंट्री के लिए उनकी बड़ी भूमिका रही है निश्चित रूप से अगर वह नवीन वर्मा की टिकट की पैरवी कर रहे होंगे तो गजराज और बंशीधर भगत के बीच पुराना बंद बोतल में वहीं पूरा मामला पुराने राजनीतिक





पड़ा राजनीतिक युद्ध फिर ढक्कन खोलकर इन सर्दियों को गर्म करने के लिए काफी होगा। हालांकि अभी तक गजराज बिष्ट ने इस संबंध में कोई बयान नहीं जारी किया है लेकिन उनके समर्थकों ने जिस तरह से उनके नाम को बेहतर कैंडिडेट के रूप में सामने रखा है उसे निश्चित रूप से कहीं न कहीं उनकी दावेदारी पर पार्टी को गंभीर रूप से विचार करना पड़ेगा पार्टी उन्हें अनदेखा नहीं कर सकती है ।

प्रतिद्वंदियों के बीच जो के बीच प्रतिष्ठा का सवाल भी हो जाएगा। गजराज सिंह बिष्ट आगामी 27 को भी नजर में रखे हुए हैं वह अपनी दावेदारी को 27 और मेयर के बीच में जरूर तोल रहे होंगे। नवीन वर्मा पार्टी में आखिरकार ओबीसी पार्टी पदाधिकारियो के विरोध के बावजूद पार्टी में शामिल हो गए इसके लिए कहीं ना कहीं बड़ी सिफारिश किसी बड़े नेता की होगी की पार्टी के नेताओं का विरोध दरकिनार कर उन्हें पार्टी में शामिल कर लिया गया

# फिल्मी दुनिया

## बर्थडे पार्टी से मिला ब्रेक, 17 साल के उम्र में की शादी



*अभिनेत्री माही गिल आज अपना जन्मदिन मना रही हैं। माही ने फिल्मी दुनिया में अपने शानदार अभिनय कौशल के दम पर पहचान हासिल की है। हालांकि, वह अपनी निजी जिंदगी को लेकर भी काफी चर्चा में रही हैं। बॉलीवुड फिल्मों में अपने बोल्ड किरदारों के लिए पहचानी जाने वाली अभिनेत्री माही गिल आज अपना 49वां जन्मदिन मना रही हैं। माही गिल का जन्म 19 दिसंबर 1975 को चंडीगढ़ में हुआ था। माही ने अपने फिल्मी करियर में एक से बढ़कर एक किरदार निभाए हैं। इंडस्ट्री में उन्होंने अपनी पहचान अपने अलग तरह के किरदारों से ही पाई है। फिल्म 'देव डी' से हिंदी सिनेमा में कदम रखने वाली अभिनेत्री के इस फिल्म में कास्ट होने की कहानी भी काफी दिलचस्प है। माही अपने फिल्मी करियर के साथ पर्सनल जिंदगी को लेकर भी काफी चर्चा में रही हैं। आइए जानते हैं अभिनेत्री के फिल्मी करियर और उनकी निजी जिंदगी के बारे में। अभिनेत्री माही गिल को उनका पहला ब्रेक एक बर्थडे पार्टी में मिला। जी हां, दरअसल, माही गिल को अनुराग कश्यप ने एक पार्टी में देखा था। इस पार्टी में माही परफॉर्म करने के लिए गई थीं। वहां पर निर्माता अनुराग कश्यप भी मौजूद थे। अभिनेत्री को देखने के बाद उन्होंने उन्हें 'देव डी' के लिए कास्ट किया था। 'देव डी' में माही ने पारो का किरदार निभाया था। फिल्म में अभिनेत्री की अदाकारी के लिए उनकी काफी सराहना हुई। 'देव डी' के लिए माही को फिल्मफेयर बेस्ट एक्ट्रेस क्रिटिक्स कैटेगरी में अवार्ड मिला था। साथ ही वह मोस्ट प्रॉमिसिंग न्यूकमर के खिताब से भी नवाजी गई थीं। अपनी डेब्यू फिल्म से ही शानदार शुरुआत करने के बाद उन्हें कई फिल्मों के ऑफर मिलने लगे। वहीं, फिल्मी दुनिया में माही ने साल 2003 में पंजाबी फिल्म %हवाएं% से कदम रखा था, जो सुपरहिट थी।*

### तेलुगु और पंजाबी फिल्मों में भी किया काम

*अभिनेत्री माही गिल ने हिंदी और पंजाबी फिल्मों के अलावा तेलुगु फिल्मों में भी काम किया है। अभिनेत्री की पहली तेलुगू फिल्म 'तूफान' थी। इस फिल्म में माही ने मोना डार्लिंग का किरदार निभाया था। यह फिल्म 'जंजीर' का रीमेक थी। माही के फिल्मी करियर की बात की जाए तो वह 'साहेब बीवी और गैंगस्टर', 'दुर्गामति', 'गुलाल' जैसी फिल्मों का हिस्सा रह चुकी हैं। वह कई वेब सीरीज में भी नजर आ चुकी हैं। अभिनेत्री ने 'अपहरण' और 'फिक्सर' जैसे वेब शो में भी काम किया है।*

## दिनभर चटक धूप खिलने से मिल रही काफी राहत

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

सरोवर नगरी नैनीताल में भले ही सुबह व शाम के वक्त ठंड में काफी इजाफा हो गया है अलबत्ता दिनभर चटक धूप खिलने से काफी राहत मिल रही है।

बता दें कि बुधवार को भी दिनभर मौसम सुहावना बना रहा। चटक धूप पूरे दिन खिली रही। लोगों के साथ ही पर्यटकों ने भी सुहावने मौसम का लुत्फ उठाया,और दिन के समय ठंड का जरा भी एहसास नहीं हुआ। मगर शाम होते ही पुनः ठंड में इजाफ ा हो गया और लोगों को हीटर का सहारा लेना पड़ा। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में भी मौसम सामान्य बना रहेगा। इधर जीआईसी मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार अधिकतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस रहा, नगर के निचले क्षेत्रों में न्यूनतम आठ डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जबकि आद्रता अधिकतम 80 व न्यूनतम 55 प्रतिशत दर्ज की गई।



News कॉर्नर

## नियमितीकरण को लेकर 166वें दिन भी आंदोलन जारी

**नैनीताल।** संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं गढ़वाल मंडल विकास के प्रांतीय आह्वान पर नियमितीकरण नियमावली कट ऑफ डेट 2024 जारी करने को लेकर पर्यावरण संरक्षण के तहत पौधरोपण आंदोलन बुधवार को 166वें दिन भी जारी रहा। महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश गुरुरानी के नेतृत्व में पर्यटक आवास गृह पिथौरागढ़ के कर्मचारियों ने बुधवार को नित्य की भांति मान सरोवर यात्री वाटिका में विभिन्न प्रजाति के पौधों का रोपण किया। उन्होंने कहा कि जब तक समस्याओं का समाधान नहीं होता तब तक पौधारोपण आंदोलन जारी रहेगा। इधर दिनेश गुरु रानी ने गढ़वाल मंडल विकास निगम के नवनियुक्त प्रबंध निदेशक विशाल मिश्रा का स्वागत करते हुए कहा कि गढ़वाल मंडल विकास निगम के अग्रिम आदेश में कार्यरत कर्मचारियों के आदेश बहाली के साथ-साथ कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान भी करेंगे। पौधारोपण कार्यक्रम में शेर सिंह, हर सिंह, पदम सिंह, वेद प्रकाश, गोपाल, दीपक, नरेंद्र थापा, विजय बोरा तथा सौरभ खोलिया सहित निगम कर्मचारी उपस्थित रहे।

## बस में बीड़ी पीने से मना किया तो मारा चाकू

**भतरौंजखान/अल्मोड़ा।** भतरौंजखान से भिकियासैंण जा रही एक चलती बस में एक यात्री ने बीड़ी पी रहे युवक (यात्री) को बीड़ी पीने से मना किया तो उसने यात्री के गले पर चाकू से वार कर दिया। शोर मचाने पर परिचालक ने चाकू छीनकर बाहर फेंक दिया। इस मामले में भतरौंजखान थाने में केस दर्ज किया गया है। दिनेश चंद्र निवासी नानण कोटा, डभरा ने बुधवार को भतरौंजखान थाने में तहरीर दी। बताया कि वह अपनी पत्नी बसंती और पुत्रियों के साथ भतरौंजखान से भिकियासैंण जाने के लिए बस में बैठा। बस में सबसे पीछे की सीट पर एक युवक (यात्री) बीड़ी पी रहा था। बस में महिलाएं और बच्चे भी बैठे थे, जिस कारण उस युवक से बीड़ी पीने को मना किया तो वह अपशब्द बोलने लगा।

# पैराफिट पर बैठे दो युवक खाई में गिरे, रेस्क्यू कर निकाले

### जिला अस्पताल में उपचार देने के बाद उन्हें हायर सेंटर रेफर किया

नैनीताल
हमारे संवाददाता

नगर के नैनीताल-भवाली मोटर मार्ग में बुधवार की शाम को टूटा पहाड़ के समीप सड़क किनारे पैराफिट पर बैठे दो युवक अनियंत्रित होकर करीब 80 मीटर गहरी खाई में गिर गए। मौके पर मौजूद स्थानीय वाहन चालकों और दुकानदारों ने बिना देरी किए मामले की सूचना पुलिस को दी।

बाद में मौके पर पहुंची पुलिस, अग्निशमन विभाग और एसडीआरएफ की टीम ने संयुक्त प्रयासों से राहगीरों की मदद से रेस्क्यू अभियान चलाकर दोनों को खाई से निकाल निकाला। बाद में दोनों को जिला अस्पताल में उपचार देने के बाद उन्हें बेहतर उपचार के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया।

बता दें कि तल्लीताल गुफा महादेव निवासी जगत असवाल टनकपुर निवासी अपने दोस्त दिलीप सिंह कुँवर के साथ बुधवार की शाम को करीब पांच बजे नैनीताल-भवाली रोड में टूटा पहाड़ क्षेत्र में पैराफि ट पर बैठे हुए थे। इस दौरान दिलीप का





संतुलन बिगड़ा तो वह नीचे गिर गया, जिसे बचाने के प्रयास में जगत भी खाई में गिर गया। दोनों की चीख पुकार सुन क्षेत्र में मौजूद वाहन चालकों और स्थानीय दुकानदारों ने तत्काल पुलिस को घटना की सूचना दी। सूचना के बाद तल्लीताल एसओ रमेश सिंह बोहरा पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस के खाई में उतरने तक अग्निशमन विभाग और एसडीआरएफ की टीम भी पहुंच गयी। टीम ने करीब डेढ़ घंटे तक रेस्क्यू अभियान चलाकर राहगीरों की मदद से दोनों घायलों को खाई से बाहर निकाला, बाद में दोनों घायलों को निजी वाहन और 108 की मदद से दोनों जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया।

रेस्क्यू अभियान में तल्लीताल के एसओ रमेश सिंह बोहरा, एसआई सुनील कुमार समेत अमित गहलोत, एसडीआरएफ के एसआई मनीष भाकुनी समेत सुरेश बहुगुणा, सुरेंद्र कुमार, प्रदीप मेहता, नितेश खेतवाल तथा हर्ष कुमार समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

एक बार फिर से स्वास्थ्य विभाग के दावे खोखले साबित होते नजर आए। बता दें कि शाम को करीब पांच बजे हादसा होने के बाद स्थानीय लोगों ने पुलिस को घटना की सूचना दी। पुलिस के वायरलेस में सूचना प्रसारित करने के बाद एसडीआरएफ और अग्निशमन विभाग की टीम तो मौके पर पहुंच गई मगर एम्बुलेंस नहीं पहुंची। रेस्क्यू के बीच मे ही राहगीरों ने करीब साढे पांच बजे 108 में फ ोन कर घटना की सूचना दी। करीब पौने 6 बजे में आधी खाई में अटके दिलीप सिंह कुंवर को रेस्क्यू कर सड़क तक लाया गया। मगर घटनास्थल शहर से कुछ ही दूरी पर स्थित होने के बावजूद 108 एंबुलेंस समय पर नहीं पहुंच सकी। करीब 10 मिनट तक मरीज को लहूलुहान अवस्था में जब सड़क पर लेटाने के बाद भी एंबुलेंस नहीं पहुंची तो लोग निजी वाहन से उसे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, हालांकि दूसरे घायल को करीब साढे 6 बजे खाई से निकालने के बाद 108 से अस्पताल लाया गया।

## नगर निगम हल्द्वानी में नवीन बने भाजपा के नवीन कार्यकर्ता

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

नगर निगम हल्द्वानी की सीट भाजपा के लिए महत्तवपूर्ण है वो तो सब जानते ही है लेकिन क्या अब व्यापारी और बागी नेता नवीन वर्मा को भाजपा टिकट देगी? हल्द्वानी नगर निगम की सीट ओबीसी आरक्षित हो गई जिसके बाद कई नेता मेयर बनने का सपना देखने लगे हैं।

हल्द्वानी में ओबीसी सीट तय होने के बाद लगातार ओबीसी वर्ग के कई नेता अपनी दावेदारी ठोक चुके हैं। कल तक जो कांग्रेसी हुआ करते थे वो व्यापारी नेता नवीन वर्मा बीजेपी के हो गए है। भाजपा कुमाऊं संभाग कार्यालय में व्यापारी नेता नवीन वर्मा ने अपने व्यापारी साथियों और राजनीतिक मित्रों के साथ बीजेपी की सदस्यता लेने पहुंचे है। जिसके बाद



प्रदेश महा मंत्री राजेंद्र बिष्ट, जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट ने व्यापारी नेता नवीन बिष्ट को माला पहनाकर बीजेपी की सदस्यता दिलाई। इस दौरान मंडी अध्यक्ष डॉ अनिल कपूर डब्बू और लालकुआं विधायक डॉ मोहन बिष्ट, दर्जा राज्यमंत्री दीपक मेहरा, दिनेश आर्या सहित बीजेपी नेता, कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस मौक़े पर नवीन वर्मा ने कहाँ कि वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व विश्वास करते हुये भाजपा में शामिल हुये है और एक अनुशासित सिपाही के रूप में कार्य करेंगे।

## युवती ने शादी से मना किया तो युवक ने गटका जहर, मौत

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

युवती द्वारा शादी से मना करने पर एक युवक ने विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे लेकर डा. सुशीला तिवारी अस्पताल पहुंचे जहां उसने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया।

पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। रतनपुरा बाजपुरा निवासी संदीप सिंह (18) पुत्र पप्पू सिंह का एक युवती से प्रेम प्रसंग चल रहा था। युवती ने शादी से इंकार किया तो संदीप आहत हो गया और उसने जीवल लीला



समाप्त करने के मकसद से विषाक्त का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ी तो परिजन उसे लेकर एसटीएच पहुंचे जहां उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

## पुलिस अधिकारियों के सामने हंगामा, आरटीआई कार्यकर्ता कोर्ट में पेश

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

**मुकदमा**
- गत दिवस पुलिस बहुउद्देशीय भवन में आपा खो बैठे थे पोखरिया
- पुलिस ने सरकारी काम में बाधा डालने और अभद्रता करने के मामले में दर्ज किया था मुकदमा

आरटीआई कार्यकर्ता भुवन चन्द्र पोखरिया ने अपनी और अपने परिवार पर हुए हमले के बाद पुलिस अधिकारियों के सामने हंगामा कर दिया। पुलिस कप्तान से लेकर दरोगा तक को जमकर खरी-खोटी सुनाने और अपशब्दों का प्रयोग करने के कारण पुलिस बहुउद्देशीय भवन का कामकाज ठप हो गया। बाद में, स्थिति को नियंत्रित करने में असमर्थ रहने पर कोतवाली पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया और उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कर लिया गया है। गुरूवार को पोखरिया को कोर्ट में पेश किया गया।

जानकारी के अनुसार, उम्मेदपुर नंबर 2 चोरगलिया निवासी भुवन चन्द्र पोखरिया अपनी पत्नी और बेटी के साथ 3 दिन पहले अपनी कार से हल्द्वानी स्थित अपनी बहन के घर जा रहे थे। इसी दौरान दानीबंगर मोड़ के पास काले रंग की स्कॉर्पियो सवार चार लोगों ने तलवारों से उनकी कार पर हमला किया। इस मामले में कोतवाली पुलिस ने अज्ञात हमलावरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस द्वारा कार्रवाई में देरी और सुरक्षा की मांग को लेकर भुवन पोखरिया बुधवार को पुलिस बहुउद्देशीय भवन पहुंचे। यहां एसएसपी से मुलाकात न होने पर उन्होंने हंगामा शुरू कर दिया। एलआईयू के एसआई मनोज ने उन्हें शांत करने की कोशिश की, लेकिन वे नहीं माने और एसआई सहित अन्य पुलिस अधिकारियों को अपशब्द कहने लगे, जिससे भवन का कामकाज प्रभावित हो गया। सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया। बाद में भुवन पोखरिया के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया गया। भुवन पोखरिया का कहना है कि 3 दिसंबर को उन्होंने पुलिस से सुरक्षा की मांग की थी, लेकिन उन्हें सुरक्षा नहीं दी गई। पोखरिया के अनुसार, हमलावर अभी भी उनके इलाके में घूम रहे थे, लेकिन पुलिस ने कोई ठोस कार्रवाई नहीं की थी। इधर पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया।

## पेंशनर दिवस पर सम्मानित हुए 12 वरिष्ठ पेंशनर

**अल्मोड़ा।** नगर पंचायत सभागार में गवर्नमेंट पेंशनर्स वेलफेयर ऑर्गनाइजेशन की ओर से बुधवार को पेंशनर्स दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान 12 वरिष्ठ पेंशनरों को सम्मानित किया गया।

नगर पंचायत सभागार में हुई बैठक में शाखा अध्यक्ष केपीएस अधिकारी ने पेंशनरों की समस्याएं सुनीं और उन्हें गोल्डन कार्ड संबंधी समस्याओं सहित बैंक से मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी दी।

## गूलरभोज में युवती की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

रुद्रपुर
हमारे संवाददाता

थाना गदरपुर क्षेत्र गूलरभोज में एक युवती की संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जानकारी लेने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस ने शव को उसके घर से कब्जे में लिया था। पुलिस के मुताबिक थाने की चौकी गूलरभोज ढाई नंबर निवासी जितेंद्र की 18 वर्षीय पुत्री अंजलि बुधवार दोपहर को घर से कुछ ही दूरी पर स्थित आम के बाग में संदिग्ध परिस्थितियों में पड़े होने की सूचना परिजनों को मिली। परिवार के लोग मौके पर पहुंचे और उसे गदरपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि परिवार के लोग उसे घर लेकर पहुंचे। इसी बीच किसी ने सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है। मृतका का भाई आकाश के मुताबिक घर के लोग बाहर थे। घर में मां और बहन अंजलि थी। आरोप है कि बहन को उसकी सहेली ने बुलाया था। बाद में उसी के भाई ने घर आकर सूचना दी थी बहन बाग में पड़ी है। जब वह लोग वहां पहुंचे तो अंजलि जमीन पर पड़ी थी। अस्पताल लेकर पहुंचे तो डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। आकाश ने बहन की सहेली और उसके भाई पर हत्या का आरोप लगाया है। थानाध्यक्ष जसवीर सिंह ने बताया कि युवती के शव को घर से कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## केलाखेड़ा थाने में विश्व अल्पसंख्यक अधिकार दिवस का आयोजन

रुद्रपुर
हमारे संवाददाता

18 दिसम्बर 2024 को विश्व अल्पसंख्यक अधिकार दिवस के अवसर पर मदरसा गरीब नवाज केलाखेडा बाजपुर में अल्पसंख्यक कल्याण विभाग,पुलिस विभाग थाना केलाखेडा और मदरसा गरीब नवाज के तत्वाधान में अल्पसंख्यक अधिकार दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा अवगत कराया गया कि अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा अल्पसंख्यक समुदाय के कल्याण के लिये शिक्षा, रोजगार, कौशल विकास, आधारभूत संरचना के लिये कार्य कर रहा है। विभाग के द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में छात्र-



छात्राओं के लिये छात्रवृति, शिक्षां हेतु आर्थिक सहायता, कोचिंग हेतु सहायता, ब्याज रहित शिक्षा ऋण तथा विभिन्न प्रोत्साहन धनराशि प्रदान की जा रही है। इसके अतिरिक्त विभिन्न योजनाओं के माध्यम से कौशल विकास द्वारा क्षमता निर्माण व स्वरोजगार को प्रोत्साहित करने के प्रयास किये जा रहे है। रोजगार के क्षेत्र में अल्पसंख्यक समुदाय को ऋण प्रदान कर रहा है। विभाग के द्वारा अल्पसंख्यक बाहुल्य क्षेत्रों में आधारभूत व सामुदायिक इन्फ्रास्ट्रक्चर का निर्माण व सुदृढ़ीकरण किया जा रहा है उप निरीक्षक थाना केलाखेडा तथा प्रबन्धक मदरसा गरीब नवाज केलाखेडा बाजपुर, प्रबन्धक अल्वी वेलफेयर सोसाईटी केलाखेडा ने केलाखेडा के अल्पसंख्यक समुदाय के लोगो को उनके अधिकारो एवं कर्तव्यों के प्रति जागरूक किया गया।सहायक अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी चन्द्र प्रकाश सिंह रावत, पुलिस उप निरीक्षक थाना केलाखेडा, प्रबन्धक मदरसा गरीब नवाज केलाखेडा बाजपुर तथा प्रबन्धक अल्वी वेलफेयर सोसाईटी केलाखेडा आदि मौजूद रहे।

**जानकारी**
- अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी